पाक्षिक



खबर आस पास
RNI REGISTERED

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : गुरूवार 29 अक्टूबर 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया

एमएलसी चुनाव में कांग्रेस को जीरो सीट

मोदी का तंज- वोटिंग बैलेट से हुई, तो भी कितनी सीटें मिलीं; बिहार-यूपी समेत 4 राज्यों की 16 सीटें एनडीए जीती

नई दिल्ली एजेन्सी। एमएलसी चुनावों के रिजल्ट पर पीएम मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसा है। उन्होंने कहा, '4 बड़े राज्यों- उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और कर्नाटक में 28 सीटों पर MLC चुनाव हुए। चुनाव बैलेट पेपर से हुए। अंदाजा लगाइए कांग्रेस ने कितनी सीटें जीतीं।'

दरअसल, पहले इन 28 सीटों में से कांग्रेस के पास 4 सीटें थीं। पार्टी इन चुनावों में एक भी सीट नहीं जीत पाई है। इन 28 में से 16 सीटें पर NDA को जीत मिली है।

कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष का आरोप है कि भाजपा श्वङ्करू में हेरफेर कर चुनाव जीतते आ रही है। हाल के स्ढुक्र के विरोध के दौरान भी विपक्ष ने भाजपा और चुनाव आयोग पर वोट चोरी कर चुनाव जीतने का आरोप लगाया। लोकसभा और विधानसभा चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग कर रहा है।

यूपी: गोरखपुर में भाजपा सिर्फ 307 वोट से जीती

गोरखपुर में भाजपा बेहद कड़े मुकाबले में 307 वोटों से जीत गई। ध्रुव त्रिपाठी ने विक्ट्री साइन दिखाकर खुशी जताई। वे लगातार चौथी बार स्ख्ष्ट बने हैं। उन्हें टक्कर देने वाले निर्दलीय राजीव यादव ने कहा- 'मुझे जानबूझकर हराया गया है। एक हजार वोटों की चोरी की गई है।' राजीव की हार पर उनके समर्थक रो पड़े। सभी 11 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। भाजपा ने 6 और सपा ने 5 सीटें जीती हैं।

बिहार: पटना स्नातक सीट पर नीरज जीते,कोसी में भाजपा की हैट्रिक

बिहार विधान परिषद की सभी 8 सीटों पर रिजल्ट आ गए हैं। पटना स्नातक सीट से जदयू के नीरज



कुमार जीत गए हैं। वहीं कोसी स्नातक सीट पर बीजेपी के एनके यादव ने जीत की हैट्रिक लगाई है।

कर्नाटक- 4 सीटें NDA के पास, कांग्रेस ने इकलौती सीट गंवाई

कर्नाटक में MLC की चार सीटों पर कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। विपक्षी जनता दल (सेक्युलर) यानी जेडीएस ने कांग्रेस से एक सीट छीन ली, जबकि उसकी सहयोगी भाजपा ने अपनी तीनों सीटें बरकरार रखीं।

बेंगलुरु शिक्षक सीट पर भाजपा के समर्थन से चुनाव लड़ रहे जेडीएस उम्मीदवार एपी रंगनाथ ने कांग्रेस के मौजूदा एमएलसी पुट्टन्ना को 908 वोटों से हराया। पुट्टन्ना को 9,902 वोट मिले, जबकि रंगनाथ को 10,810 वोट मिले।

उत्तर-पूर्व शिक्षक सीट पर भाजपा के मौजूदा एमएलसी शशिल जी. नामोशी ने कांग्रेस उम्मीदवार शरणप्पा मत्तूर को हराया। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, नामोशी ने इस सीट पर लगातार पांचवीं बार जीत दर्ज की है। नामोशी को 15,596 वोट मिले, जबकि मत्तूर को 12,299 वोट मिले। नामोशी ने 3,297 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की।

महाराष्ट्र- NDA और विपक्ष को 2-2 सीटें, 1 पर काउंटिंग जारी

महाराष्ट्र विधान परिषद की पांच सीटों में से चार के नतीजे आ गए हैं। दो सीटें सत्ताधारी एनडीए यानी महायुति ने जीती हैं और दो सीटें विपक्ष यानी महाविकास आघाडी ने। पुणे शिक्षक सीट पर भाजपा के कौस्तुभ गावडे जीते और अमरावती शिक्षक सीट पर शिंदे की शिवसेना के किरण सरनाईक जीते। दूसरी ओर, छत्रपति संभाजीनगर स्नातक सीट पर शरद पवार गुट के प्रतापसिंह पाटील ने सतीश चव्हाण को हराया, और पुणे स्नातक सीट पर भी शरद पवार गुट की हर्षदा देशमुख-जाधव की जीत की खबर है।

नागपुर स्नातक सीट अभी बाकी है, जहां भाजपा के सुधाकर कोहाले और कांग्रेस के अभिजीत वंजारी के बीच कांटे की टक्कर चल रही है। पुणे स्नातक की पुष्टि आयोग से कर लें।

भाजपा बोली- कांग्रेस को जनता का समर्थन नहीं मिला

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि MLC चुनाव के नतीजों से पता चलता है कि कांग्रेस को जनता का समर्थन नहीं मिला। ये चुनाव ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर और बैलेट बॉक्स से कराए गए थे।

उन्होंने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुला। उनके मुताबिक, कांग्रेस वोट चोरी के आरोप लगाकर अपने चुनावी प्रदर्शन से ध्यान हटाने की कोशिश कर रही है।

करवा चौथ आज, धौलपुर में सबसे पहले दिखेगा चांद:

बाड़मेर में सबसे आखिर में



जयपुर कासं। सुहागिनों का प्रमुख पर्व करवा चौथ गुरुवार को मनाया जाएगा। महिलाएं पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के साथ दिनभर निर्जल-निराहार रहकर व्रत रखेंगी। वहीं रात को चंद्रमा (चांद) के दर्शन कर अर्घ्य अर्पित करने के बाद पति के हाथों से पानी पीकर व्रत खोलेंगी।

राजस्थान में सबसे पहले धौलपुर में रात 8:14 बजे और सबसे आखिर में बाड़मेर में रात 8:44 बजे चांद नजर आएगा। जयपुर में चंद्रोदय रात 8:23 बजे होने की संभावना है।

ज्योतिषाचार्य डॉ. पंडित पुरुषोत्तम गौड़ ने बताया- इस बार करवा चौथ पर लक्ष्मीनारायण राज योग, शुक्रादित्य योग और बुधादित्य योग बन रहे हैं। चंद्रमा अपनी उच्च राशि वृषभ में रहेंगे और मृगशिरा नक्षत्र रहेगा। तुला राशि में सूर्य, शुक्र और बुध की युति से त्रिग्रह योग भी बनेगा। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार- इन योगों को पूजा-पाठ और दांपत्य जीवन के लिए शुभ माना जाता है।

शाम 5:38 से 6:56 बजे तक पूजा का शुभ मुहूर्त

डॉ. पंडित पुरुषोत्तम गौड़ ने बताया- चतुर्थी तिथि की शुरुआत 28 अक्टूबर की रात 1:07 बजे होगी। ऐसे में सूर्योदय के समय उदया तिथि के आधार पर करवा चौथ का व्रत गुरुवार को रखा जाएगा। पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 5:38 बजे से 6:56 बजे तक रहेगा। इस दौरान महिलाएं करवा माता की पूजा कर सकती हैं और व्रत कथा सुन सकती हैं।

छलनी से चांद देखकर व्रत खोलेंगी महिलाएं

करवा चौथ पर चांद निकलने के बाद महिलाएं चंद्रदेव के दर्शन करेंगी। इसके बाद चांद को जल अर्पित कर पूजा करेंगी। परंपरा के अनुसार- छलनी में दीपक रखकर पहले चांद और फिर पति का चेहरा देखा जाता है। इसके बाद पति के हाथों से पानी पीकर व्रत खोला जाता है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार- छलनी से चांद और पति का चेहरा देखने की परंपरा सुखी वैवाहिक जीवन और पति की लंबी उम्र की कामना से जुड़ी है।

गर्भवती महिलाएं निर्जल व्रत रखने से बचें

गर्भवती महिलाओं को करवा चौथ पर निर्जल व्रत रखने से बचना चाहिए। लंबे समय तक भोजन और पानी नहीं लेने से कमजोरी और डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। गर्भावस्था में व्रत रखने से पहले डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है।

करवा चौथ पर किन चीजों का दान करना शुभ

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार- करवा चौथ पर सुहागिन महिलाओं को मेहंदी, लाल चुनरी और सुहाग से जुड़ी अन्य सामग्री का दान करना शुभ माना जाता है। महिलाएं पूजा के बाद अपनी श्रद्धा के अनुसार दान-पुण्य भी करती हैं। मान्यता है कि इससे सुख-सौभाग्य और परिवार की खुशहाली बनी रहती है।

शिव-पार्वती और गणेशजी का भी होगा पूजन

करवा चौथ पर चंद्रमा की पूजा के साथ भगवान शिव, माता पार्वती, गणेशजी और कार्तिकेय की पूजा का भी विधान है। महिलाएं पूजा के दौरान पति की लंबी उम्र, परिवार की खुशहाली और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करेंगी। पूजा के बाद व्रत कथा सुनी जाएगी। महिलाएं एक-दूसरे को सुहाग से जुड़ी चीजें भेंट करेंगी और बड़ों का आशीर्वाद लेंगी। राजस्थानः जिलों में चंद्रोदय के समय में अंतर

राजस्थान में अलग-अलग जिलों में चंद्रोदय के समय में अंतर रहेगा। महिलाएं चंद्रमा के दर्शन के बाद अर्घ्य देकर व्रत खोलेंगी।

राहुल बोले- टाटा ग्रुप को बर्बाद किया जा रहा

इंडियन बिजनेस सरकार का खिलौना नहीं; सीतारमण बोलीं- हर मामले पर राजनीति न करें



नई दिल्ली एजेन्सी। राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि टाटा ग्रुप को क्रिमिनल तरीके से बर्बाद किया जा रहा है। कोई भी बिजनेस लीडर एक शब्द भी कहने की हिम्मत नहीं कर रहा है।

उन्होंने एक्स पर लिखा- इंडियन बिजनेस सरकार का खिलौना नहीं है। हम इन अपराधों का इंसाफ करेंगे।

इसके जवाब में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि राहुल अविश्वास फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें हर मुद्दे का राजनीतिकरण करने से बचना चाहिए।

दरअसल, टाटा ग्रुप में विवाद टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा और टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन के बीच है। नोएल चंद्रशेखरन की फिर से नियुक्ति के फेवर में नहीं थे। वहीं, ऋछ्ठ चाहता है कि टाटा संस शेयर बाजार में लिस्ट हो ताकि पारदर्शिता बनी रहे। हालांकि, 66% हिस्सेदारी रखने वाला टाटा ट्रस्ट्स इसके सख्त खिलाफ है, क्योंकि इससे ग्रुप पर उसका कंट्रोल कम हो सकता है।

सीतारमण बोलीं- सरकार की नीतियां कारोबार के हित में

सीतारमण ने कहा, 'मोदी सरकार भारतीय उद्योग को रोजगार देने वाला और आर्थिक विकास का आधार मानती है। सरकार की नीतियां कारोबार को बढ़ावा देने, उद्योग का समर्थन करने और निवेश प्रोत्साहित करने के लिए बनाई गई हैं।'

सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने दशकों तक 'लाइसेंस-कोटा राज' के जरिए भारतीय उद्यमियों की भावना को दबाए रखा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने करोड़ों भारतीयों को गरीबी में धकेला।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों, नेताओं, सरकारों और संस्थानों की जिम्मेदारी बराबर है। सभी को उद्योग का समर्थन करना, किसानों को मजबूत करना और युवाओं का भविष्य सुरक्षित करना चाहिए।

विमेंस प्रीमियर लीग ऑक्शन में 25 खिलाड़ी बिकीं

नई दिल्ली एजेन्सी। विमेंस प्रीमियर लीग के पांचवें सीजन के ऑक्शन में 25 प्लेयर्स को खरीदा गया। इसमें 18 भारतीय और 7 विदेशी रहीं। ऑस्ट्रेलिया की सोफी मोलिन्यूक्स को यूपी वॉरियर्स ने सबसे ज्यादा 1.10 करोड़ रुपए में खरीदा। भारतीय ऑलराउंडर स्नेह राणा 30 लाख रुपए में यूपी की टीम में शामिल हुईं।

कोच्चि में हो रहे ऑक्शन में किरण नवगिरे को दिल्ली कैपिटल्स ने 75 लाख और जी कमलिनी को गुजरात जायंट्स ने 40 लाख रुपए में खरीदा। श्रीलंका की कसान चमारी अटापट्टू अनसोल्ड रहीं।

16 साल की इरा नहीं बिकीं

16 साल की भारतीय बल्लेबाज इरा जाधव को WPL 2027 के मिनी ऑक्शन में किसी भी फ्रेंचाइजी ने नहीं खरीदा। रु.10 लाख बेस प्राइस वाली इरा अनसोल्ड रहीं।

25 खिलाड़ी बिकीं, सोफी मोलिन्यू सबसे महंगी

कोच्चि में WPL 2027 की मिनी ऑक्शन खत्म हो गई है। नीलामी में कुल 25 खिलाड़ी बिकीं। ऑस्ट्रेलिया की सोफी मोलिन्यू सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं, जिन्हें UP वॉरियर्ज ने रु.1.10 करोड़ में खरीदा।



RCB ने क्लोई ट्रायॉन, को रु.30 लाख में खरीदा

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने साउथ अफ्रीका की ऑलराउंडर क्लोई ट्रायॉन को रु.30 लाख में खरीदा। ट्रायन ने पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज में भारत के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। ट्रायॉन इससे पहले मुंबई इंडियंस के लिए WPL के दो सीजन खेल चुकी हैं, लेकिन उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। इसके बाद वह UP वॉरियर्ज से जुड़ीं। RCB उनकी तीसरी फ्रेंचाइजी है। अब वह टीम में ज्यादा मैच खेलने का मौका मिलने की उम्मीद करेंगी।

मुंबई इंडियंस का स्क्वॉड पूरा, अक्षिता भाटिया को रु.10 लाख में खरीदा

मुंबई इंडियंस ने अक्षिता भाटिया को उनकी बेस प्राइस रु.10 लाख में खरीद लिया। इसके साथ ही टीम का स्क्वॉड पूरा हो गया है। मुंबई के पर्स में अब भी रु.20 लाख बाकी हैं।

जयपुर में मालवीय नगर से जगतपुरा तक हटाया अतिक्रमण: जेडीए ने 80 फीट रोड पर की कार्रवाई; अवैध निर्माण तोड़े



जयपुर कासं। जयपुर में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ जयपुर विकास प्राधिकरण (JDA) ने बुधवार को कार्रवाई की। प्रवर्तन शाखा ने मालवीय नगर की नंदपुरी कॉलोनी से जगतपुरा तक 80 फीट सेक्टर रोड की सीमा में किए अतिक्रमणों को हटाया। इस दौरान अवैध मकानों, दुकानों, बाउंड्रीवॉल, चबूतरों और अन्य निर्माणों को जेसीबी मशीनों, लोखंडा मशीन और मजदूरों की मदद से हटाया गया।

JDA की प्रवर्तन टीम ने बुधवार को राजस्व और तकनीकी स्टाफ की निशानदेही पर चिह्नित अतिक्रमणों को ध्वस्त किया। कार्रवाई को अंजाम देने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा।

80 फीट सेक्टर रोड की सीमा में बने अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर

कार्रवाई के लिए प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन, लोखंडा मशीन और मजदूरों की सहायता ली। राजस्व और तकनीकी स्टाफ ने मौके पर निर्माणों की निशानदेही की। इसके बाद चिह्नित अतिक्रमणों को ध्वस्त किया गया।

पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में चला अभियान

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान छ्ष्ठ की प्रवर्तन शाखा के अधिकारियों के साथ पुलिस कमिश्नरेट जयपुर से उपलब्ध करवाया गया अतिरिक्त पुलिस बल और स्थानीय पुलिस थाना जवाहर सर्किल का जाप्ता भी मौजूद रहा।

जयपुर की 5 पंचायत समितियों में 69.20 प्रतिशत वोटिंग हुई

अमरसर में सबसे कम और शाहपुरा में सबसे ज्यादा मतदान; 20 नवंबर को आएगा रिजल्ट



जयपुर कासं। जयपुर में पंचायत चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग बुधवार शाम 6 बजे खत्म हो गई। जिले की 5 पंचायत समितियों में 69.20 फीसदी वोटिंग हुई, जो पहले चरण के मुकाबले ज्यादा रही। सबसे ज्यादा वोटिंग शाहपुरा पंचायत समिति में 72.08 फीसदी हुई, जबकि सबसे कम अमरसर पंचायत समिति 66.75 फीसदी हुई। इसके अलावा आमेर में 68.33%, जालसू में 71.95%, रामपुरा-डाबड़ी में 67.98% वोटिंग हुई है। वहीं पहले फेज में 16 सितंबर को जयपुर जिले में 68.28% वोटिंग हुई थी।

जयपुर जिला निर्वाचन शाखा की रिपोर्ट के मुताबिक दूसरे चरण की वोटिंग के लिए 413 पोलिंग बूथ बनाए गए। जहां कुल 277 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें 5 पंचायत समितियों में कुल 81 और जयपुर जिला परिषद के 11 वार्ड मेम्बर्स चुने जाएंगे।

इन पंचायत समितियों में वोटिंग

दूसरे चरण में अमरसर, आमेर, जालसू, रामपुरा-डाबड़ी और शाहपुरा पंचायत समितियां है। इन सभी पंचायत समितियों में कुल 81 वार्ड है, जिनमें 247 उम्मीदवार मैदान में हैं।

इन पंचायत समितियों में आ रहे जिला परिषद के 11 वार्ड (वार्ड संख्या 11 से 14 और 51 से 57) के लिए भी आज वोटिंग हुई। जिला परिषद के इन 11 वार्डों में 30 उम्मीदवार मैदान में है।

20 नवंबर को होगी मतगणना

वोटिंग के बाद देर शाम ईवीएम मशीनों को जयपुर के भवानी निकेतन परिसर में बनाए स्ट्रांग रूम में लाया गया। अब इन मतों की गणना 20 नवंबर को होगी, उसी दिन रिजल्ट घोषित किए जाएंगे।

सरपंच और वार्ड पंच के लिए कल नामांकन

जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों की वोटिंग के बाद अब कल यानी 29 अक्टूबर से इन पंचायत समितियों में मौजूद 112 ग्राम पंचायतों के वार्ड पंच और सरपंच की निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होगी।

कल वार्ड पंच और सरपंच पद के लिए नामांकन भरे जाएंगे और देर शाम तक जांच और नाम वापसी के बाद फाइनल उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी। 30 अक्टूबर को वार्ड पंच और सरपंच के लिए सुबह 7 से शाम 6 बजे तक वोटिंग होगी और वोटिंग खत्म होने के बाद मतगणना शुरू करके देर रात तक रिजल्ट घोषित किए जाएंगे।

केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 3% बढ़ा, जुलाई से लागू

सबसे निचले कर्मचारी को रु.540 और कैबिनेट सचिव लेवल के अफसर को रु.7500 महीने का फायदा

नई दिल्ली एजेन्सी। केंद्र सरकार के 48 लाख कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनर्स की दिवाली थोड़ी और रोशन हो गई है। सरकार ने त्योहार से ठीक 10 दिन पहले उनके महंगाई भत्ते में 3% बढ़ोतरी कर दी है। ताजा बढ़ोतरी के बाद कर्मचारियों और पेंशनर्स का महंगाई भत्ता यानी छ्ष्ठ 63% हो जाएगा। सरकार इस पर रु.10 हजार करोड़ खर्च करेगी।

बुधवार 28 अक्टूबर को कैबिनेट ने नई दरें 1 जुलाई, 2026 से लागू करने को मंजूरी दी है। पिछले महीनों का एरियर भी दिवाली से पहले खाते में भेजा जाएगा।

अप्रैल में DA 2% बढ़ाया गया था

अप्रैल में सरकार ने DA में 2% की बढ़ोतरी की थी। इसके साथ ही महंगाई भत्ता 60% पर पहुंच गया था।

सरकारी फैसले की 3 बड़ी बातें

डीए बढ़ने से सैलरी में बढ़ोतरी बेसिक पे के आधार पर तय होती है

मिनिमम बेसिक सैलरी वालों के लिए: अगर किसी कर्मचारी की बेसिक पे रु.18,000 है, तो 3% की बढ़ोतरी के हिसाब से हर महीने रु.540 का इजाफा होगा।

हायर पे-स्केल वालों के लिए: अगर किसी वरिष्ठ अधिकारी की बेसिक सैलरी रु.56,100 है, तो उनकी मासिक सैलरी में लगभग रु.1,683 की सीधी बढ़ोतरी होगी।

एरियर का भुगतान: चूंकि यह फैसला जुलाई से प्रभावी है, इसलिए कर्मचारियों को जुलाई, अगस्त और सितंबर महीने का बकाया (Arrears) भी आगामी सैलरी के साथ दिया जाएगा।

चुनाव के बाद कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर शिकंजा



छतरगढ़ पुलिस ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में किया पेश

छतरगढ़ (खबर आस पास)। छतरगढ़ उपखंड के केला गांव में 24 अक्टूबर को पंचायती राज चुनाव के परिणाम के बाद हुए उपद्रव के मामले में पुलिस ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों का मेडिकल चेकअप करवाने के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया। थानाधिकारी नवनीत सिंह ने बताया कि केला गांव में चुनाव के दौरान और परिणाम घोषित होने के बाद अशांति फैलाने तथा राजकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने घटनाक्रम की वीडियोग्राफी के आधार पर आरोपियों की पहचान की है। अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है।

वीडियोग्राफी के आधार पर हुई पहचान

पुलिस के अनुसार, चुनाव के दौरान और परिणाम के बाद कानून व्यवस्था प्रभावित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मामले में अन्य आरोपियों की पहचान के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने आगामी दिनों में और गिरफ्तारियां होने की संभावना जताई है। थानाधिकारी ने बताया कि बीकानेर पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशानुसार चुनाव के दौरान या परिणाम के बाद अशांति फैलाने, हुड़दंग करने और कानून व्यवस्था प्रभावित करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

ये 10 आरोपी गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में असलम पुत्र इब्राहिम खां (22), मेन चंद पुत्र मगाराम मेघवाल (21), अमीन पुत्र रास्ते खां (60), अबू खां पुत्र अल्लायार (26), पल्लू खां पुत्र गामन खां (24), सफी मोहम्मद पुत्र मांजे खां (30), नूर खां पुत्र हाजी खां (25), मशूक पुत्र रमजान (20), अब्दुल रहमान पुत्र नाजू खां (24) और मुकेश पुत्र पोकरण राम मेघवाल (25) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, सभी आरोपी केला गांव के निवासी हैं। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया गया है। मामले में पुलिस की जांच जारी है तथा अन्य संदिग्धों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

युवक के साथ की मारपीट, शराब के लिए नहीं रुपए तो निकाली जातिसूचक गालियां

नापासर (खबर आस पास)। जिले के नापासर थाना इलाके के कल्याणसर अगुणा में एक युवक को रोककर उसे शराब के लिए पैसे मांगें जब पैसे देने से मना कर दिया तो उसके साथ मारपीट की तथा जातिसूचक गालियां भी निकाली। देवीलाल नायक ने नापासर थाने में रिपोर्ट देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

देवीलाल अपने खेत जा रहे थे। गांव से निकलते ही रास्ते में ओंकार सिंह और कुछ अन्य लोग शराब पी रहे थे। आरोप है कि उन्होंने देवीलाल को रोककर शराब के लिए रुपए मांगे। मना करने पर ओंकार सिंह ने जातिसूचक और अपमानजनक गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित ने बताया कि इसके बाद कुंभाराम, ढोकाराम और जगदीश राम नायक ने छुड़वाया। पीड़ित ने घटना के पीछे चुनावी रंजिश होने का आरोप भी लगाया है। रिपोर्ट में बताया कि आरोपियों ने उसे धमकाते हुए कहा कि उसने उनकी पार्टी को वोट नहीं दिया, इसलिए उसे जान से मार देंगे। थानाधिकारी कविता पूनिया के निर्देशन में जांच

थानाधिकारी कविता पूनिया के निर्देशन में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच वृत्ताधिकारी गंगाशहर को सौंपी गई है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

अतिक्रमण निषेध, सेटबैक नियम, निर्माण स्वीकृति और ऊंचाई सीमा की पालना जरूरी

बीकानेर (खबर आस पास)। बीकानेर विकास प्राधिकरण द्वारा शहर का सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित विकास सुनिश्चित करने के लिए निर्माण संबंधी नियमों की पालना पर जोर दिया जा रहा है। इन नियमों का उद्देश्य अवैध, असुरक्षित और अनियोजित निर्माण पर रोक लगाना है। आमजन को जागरूक करने के लिए प्राधिकरण की ओर से अतिक्रमण निषेध, सेटबैक नियम, निर्माण की अनिवार्य स्वीकृति तथा भवन की ऊंचाई सीमा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है। बीकानेर विकास प्राधिकरण की आयुक्त स्नेहल धायगुड़े नाना ने बताया कि शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए नागरिकों का निर्माण संबंधी नियमों के प्रति जागरूक होना और उनकी पालना करना आवश्यक है। सार्वजनिक मार्गों, नालियों एवं पार्कों पर अतिक्रमण करना प्रतिबंधित है। अनधिकृत निर्माण एवं कब्जे के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया जा सकता है। अतिक्रमण के लिए दो वर्ष तक के कारावास एवं 20 हजार रुपए तक के जुर्माने का भी प्रावधान है। उन्होंने कहा कि भूखंड पर निर्माण कार्य शुरू करने से पहले आवश्यक स्वीकृति लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति भूखंड की प्लॉटिंग करने, व्यावसायिक उपयोग के लिए भू-उपयोग में परिवर्तन करने अथवा अन्य अनधिकृत निर्माण करने से बचना चाहिए। उल्लंघन की दशा में बिना अनुमति की गई गतिविधियों को ध्वस्त एवं सीज किया जा सकता है। भवन निर्माण के दौरान भूखंड के आगे, पीछे और दोनों तरफ नियमानुसार निर्धारित स्थान छोड़ना आवश्यक है। भवन एवं सड़क सीमा के मध्य निर्धारित स्थान छोड़ने अनिवार्य है। सेटबैक नियमों का उल्लंघन करने पर संपत्ति सीज कर सेटबैक हटाने की कार्यवाही की जा सकती है। भवन की ऊंचाई स्वीकृत निर्माण मानचित्र के अनुरूप होनी चाहिए। अतिरिक्त निर्माण के लिए अनुमति लेना तथा अग्नि सुरक्षा मानकों सहित भवन निर्माण संबंधी नियमों की पालना करना भी जरूरी है। आयुक्त ने आमजन से निर्माण संबंधी नियमों की पालना कर जागरूक नागरिक बनने तथा बीकानेर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाने में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की।

एनएच 11 पर पुलिस ने तस्कर पर कार्यवाही करते हुए डोडा पोस्त सहित पकड़ा

बीकानेर (खबर आस पास)। गजनेर पुलिस ने एनएच-11 स्थित कोडमदेसर फांटा पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को 2 किलो डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस टीम गश्त कर रही थी, तभी कोडमदेसर फांटा के पास एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में मिला। तलाशी लेने पर उसके पास से डोडा पोस्त बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जैसलमेर जिले के पोकरण क्षेत्र के नाथुसर बरेली निवासी गोपीराम भील के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि डोडा पोस्त लोहावट रोड तिराहे के पास एक होटल से खरीदा था। पुलिस अब मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि डोडा पोस्त कहां से आया और इसमें कोई और व्यक्ति शामिल है या नहीं। पुलिस क्षेत्र में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए गश्त जारी रखेगी।

गुरुवार से बीकानेर सहित राजस्थान के आधे जिलों में बादल छायेंगे, बारिश की चेतावनी



जयपुर (खबर आस पास)। राजस्थान में गुरुवार से मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात तूफान अर्बन के असर से आधे राज्य में बादल छा सकते हैं। कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने और कहीं-कहीं 30-40 प्रतिघंटे स्पीड तक तेज हवा भी चल सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- इस सिस्टम का असर 31 अक्टूबर तक राजस्थान में दिखेगा। पिछले 24 घंटे में धूप कमजोर होने के कारण दिन का तापमान 2 डिग्री तक गिर गया। वहीं, रात के तापमान में भी गिरावट जारी है। सीकर में सबसे ठंडी रात मंगलवार को राजस्थान के अधिकांश शहरों में न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई। सीकर, कोटा, अजमेर, टोंक में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री तक गिर गया। सबसे ज्यादा ठंडी रात सीकर में रही, जहां न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। माउंट आबू में 13.6 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ। 3 दिन बारिश की चेतावनी मौसम विभाग के अनुसार चक्रवात अर्नब के असर से 3 दिन 25 से ज्यादा जिलों में बारिश हो सकती है। बारिश और हवा के कारण दिन और रात के तापमान में तेजी से गिरावट होने की भी आशंका है। चक्रवात का असर 31 अक्टूबर तक रहेगा। नवंबर के पहले सप्ताह में सर्दी बढ़ने का अनुमान है।

केंद्र सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ता 3 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली (खबर आस पास)। दिवाली से पहले केंद्र सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ता 3 प्रतिशत बढ़ा दिया है। मंगलवार 28 अक्टूबर को हुई कैबिनेट मीटिंग में ष्ठ बढ़ोतरी पर फैसला हुआ। इस बढ़ोतरी से महंगाई भत्ता 60 प्रतिशत से बढक़र 63 प्रतिशत हो जाएगा। इससे लगभग 48 लाख कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनर्स को फायदा होगा। नई दरें 1 जुलाई, 2026 से लागू मानी जाएंगी। सरकार इसपर 10 हजार करोड़ रुपए खर्च करेगी।

अप्रैल में 2 प्रतिशत बढ़ा था

इससे पहले सरकार ने अप्रैल में कर्मचारियों के डीए और पेंशनर्स के लिए 2 फीसदी का इजाफा किया था। उस बढ़ोतरी के साथ ही दर 60 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। अब 3 फीसदी की ताजा बढ़ोतरी के बाद यह आंकड़ा 63 फीसदी हो गया है। सरकार के इस फैसले से त्योहारों के सीजन में कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को सीधा आर्थिक फायदा मिलेगा और पिछले महीनों का एरियर भी खाते में आएगा।

कर्मचारियों की सैलरी पर कितना असर पड़ेगा

डीए बढऩे से सैलरी में बढ़ोतरी बेसिक पे के आधार पर तय होती है

मिनिमम बेसिक सैलरी वालों के लिए अगर किसी कर्मचारी की बेसिक पे ?18,000 है, तो 3त्न की बढ़ोतरी के हिसाब से हर महीने ?540 का इजाफा होगा। हायर पे-स्केल वालों के लिए अगर किसी वरिष्ठ अधिकारी की बेसिक सैलरी रु.56,100 है, तो उनकी मासिक सैलरी में लगभग रु.1,683 की सीधी बढ़ोतरी होगी। एरियर का भुगतान चूंकि यह फैसला जुलाई से प्रभावी है, इसलिए कर्मचारियों को जुलाई, अगस्त और सितंबर महीने का बकाया भी आगामी सैलरी के साथ दिया जाएगा।

साल में दो बार रिवाइज होता है भत्ता

केंद्र सरकार हर साल कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए डीए और डीआर में दो बार संशोधन करती है। पहला संशोधन आमतौर पर जनवरी से और दूसरा जुलाई से प्रभावी होता है। सरकार ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के आंकड़ों के आधार पर महंगाई का आकलन करती है और उसी अनुपात में भत्ते बढ़ाने का निर्णय लेती है।

पी वोहरा फाउंडेशन ने किया आयोजित इतिहासकार अशोक पाण्डेय की पुस्तक 'हिंसा-अहिंसा और भगत सिंह' का विमोचन



गांधी और भगत सिंह की विरासत पर हुई सार्थक चर्चा

बीकानेर (खबर आस पास)। जिला उद्योग संघ सभागार में मंगलवार को पी वोहरा फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'लेखक से मिलिए' कार्यक्रम में इतिहासकार अशोक कुमार पाण्डेय की पुस्तक 'हिंसा- अहिंसा और भगत सिंह' का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में अशोक पाण्डेय ने 'इतिहास का सच, राजनीति की स्मृति और समाज का विवेक-गांधी और भगत सिंह की वैचारिक विरासत के संदर्भ में' विषय पर अपने विचार भी रखे। पत्रकार हरीश बी शर्मा ने पुस्तक पर चर्चा करते हुए कहा कि इतिहासकार अशोक कुमार पाण्डेय की पुस्तक 'हिंसा-अहिंसा और भगत सिंह' में शहीद भगत सिंह के जीवन, उनके विचारों और भारतीय स्वाधीनता संग्राम के विभिन्न पहलुओं की नई नजर से पड़ताल करती नज़र आती है। पुस्तक पर चर्चा में उपजे कुछ सवालों के जवाब में लेखक अशोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि किताब इस बात की पड़ताल करती है कि भगत सिंह को अक्सर गांधीजी के विपरीत एक 'बंदूकधारी' नायक और गांधीजी को उनके सामने 'खलनायक' के रूप में क्यों खड़ा कर दिया जाता है। लेखक स्पष्ट करते हैं कि इस किताब को पढ़ने पर गांधीजी खलनायक के रूप में नहीं उभरते। उन्होंने बताया कि किताब में भगत सिंह के उन विचारों को गहराई से रेखांकित किया गया है, जिनमें वे मानते थे कि केवल पिस्तौल और बम से क्रांति नहीं आती, बल्कि क्रांति की तलवार विचारों की धार बढ़ाने वाले पत्थर पर रगड़ी जाती है। साथ ही, हिंसा का सहारा केवल विकट आवश्यकता पड़ने पर ही लिया जाना चाहिए। उन्होंने पुस्तक में महात्मा गांधी द्वारा भगत सिंह को फांसी से बचाने के किए गए प्रयासों और उस समय के राजनीतिक घटनाक्रम पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में पत्रकार दीपचंद सांखला, शशि मोहन मूंधड़ा,अनिरुद्ध उमठ, डॉ. तनवीर मालावत, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मदन मेघवाल,एल व बिशनाराम सियाग, पूर्व महापौर मकसूद अहमद, जियाउर रहमान, डॉ. प्रशांत बिस्सा, आर के सुथार, महिपाल सारस्वत, रौनक व्यास, ऋषि मोहन जोशी, विक्रम स्वामी,एडवोकेट बलजीत, सुरेंद्र धारणिया, योगेश गहलोत,शरद आचार्य, नरेश गोयल,के एल बोथरा, डॉ. नवदीप बैंस, मधुसूदन आचार्य, भूपेंद्र मिड्ढा, विनोद भोजक,गिरिराज खैरीवाल, डॉ चंद्र शेखर श्रीमाली, सीताराम कच्छावा, बुलाकी शर्मा, अविनाश व्यास, सावन पारीक,चंचला पाठक,अलका डॉली पाठक, डॉ. मीना आसोपा,अश्मा नाज़, संजय पुरोहित, जय नारायण बिस्सा,चित्रेश गहलोत, इरशाद अज़ीज़, अरविंद व्यास,ज्योति प्रकाश रंगा,आनंद स्वामी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे। संचालन रवींद्र हर्ष ने किया। पी वोहरा फाउंडेशन के संस्थापक डॉ पी एस वोहरा ने आभार जताया।

करवा चौथ कल; 200 साल पुराना है गोगागेट स्थित चौथ माता मंदिर



बीकानेर (खबर आस पास)। गोगागेट घूमचक्कर के पास स्थित चौथ माता मंदिर बीकानेर का एकमात्र और सबसे प्राचीन चौथ माता मंदिर है। यह मंदिर लगभग 200 साल पुराना है, जो रियासत काल में सेठ बहादुर सिंह ढड्ढा ने अपनी पत्नी के गणेश चौथ व्रत के लिए बनवाया था। मंदिर के पुजारी राजेश भादाणी बताते हैं कि वे तीन पीढ़ियों से यहां माता की सेवा कर रहे हैं। यह मंदिर सुहागिनों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहाँ मान्यता है कि 21 दिन लगातार दर्शन करने और गेहूं के चूरमा का भोग लगाने से हर मनोकामना पूरी होती है। बीकानेर राज परिवार में भी कोई भी शुभ कार्य करने से पहले यहां दर्शन की परम्परा रही है। करवा चौथ, गणेश चौथ और माघ चौथ पर यहाँ विशेष पूजा और मेला लगता है।

बज्जू के गणपतसिंहपुरा स्थित पोलिंग बूथ पर मुख्य गेट बंद होने को लेकर हंगामा



बीकानेर (खबर आस पास)। पंचायत चुनावों को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में आये दिन हंगामा हो रहे हे। जबकि प्रशासन पूरी तरह से शांति से चुनाव करवाने के लिए अपनी पुरी ताकत झोंक रखी है। पुलिस प्रशासन की टीमें लगातार फ्लैग मार्च निकलाकर शांति का प्रयास कर चुनाव करवाने के लिए काम कर रही है। इसी क्रम बज्जू खालसा पंचायत समिति के गणपतसिंहपुरा स्थित 4 पोलिंग बूथ पर मुख्य गेट बंद होने को लेकर हंगामा हो गया। मतदान केंद्र तक पहुंचने में परेशानी का सामना कर रहे ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए बंद मुख्य द्वार के सामने धरना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि निजी जगह पर मनमर्जी से गेट बना दिया गया है, जिसके कारण मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है। इस स्थिति से मतदान प्रक्रिया भी प्रभावित होने की बात सामने आई है। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन और चुनाव अधिकारियों से मामले में तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य गेट खुलवाकर मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए उचित रास्ता सुनिश्चित किया जाए, ताकि सभी मतदाता बिना परेशानी अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकें। ग्रामीणों ने मांग की है कि रास्ते की समस्या का जल्द समाधान किया जाए, जिससे कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रहे। मामले को लेकर बज्जू एसडीएम ने कहा कि इस द्वार पर मतदान करने में कोई परेशानी नहीं आएगी।

अयोध्याकांड की चौपाइयों में झलका प्रभु श्रीराम का करुणामयी स्वरूप



महंत क्षमाराम महाराज ने रामचरितमानस के प्रसंगों की व्याख्या कर दिया प्रेम, त्याग और मर्यादा का संदेश

बीकानेर (खबर आस पास)। हरि शरणम् ग्रुप की ओर से आयोजित नौ दिवसीय श्रीरामचरितमानस नवाह्न पारायण पाठ के चौथे दिन शिव-पार्वती मंदिर, माली समाज भवन में सींथल पीठाधीश्वर महंत क्षमाराम महाराज ने अयोध्याकांड के विभिन्न प्रसंगों का वाचन करते हुए चौपाइयों की भावपूर्ण व्याख्या की। महाराज ने भगवान श्रीराम और अयोध्यावासियों के बीच अगाध प्रेम के प्रसंगों के माध्यम से भक्ति, करुणा, त्याग और मानवीय संवेदनाओं का महत्व समझाया। महाराज ने बताया कि अयोध्यावासियों का भगवान श्रीराम के प्रति असीम प्रेम देखकर प्रभु का करुणामयी हृदय द्रवित हो उठा। भगवान राम दूसरों के दुख को अपना दुख समझते हैं और दूसरों की पीड़ा के प्रति संवेदनशील रहते हैं। सच्ची भक्ति केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि दूसरों के दुख-दर्द को समझने, उनके प्रति करुणा रखने और यथासंभव सहायता करने में भी प्रकट होती है। महाराज ने कहा कि श्रीरामचरितमानस के प्रसंग मनुष्य को प्रेम, विनम्रता, मर्यादा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। भगवान राम का जीवन हमें सिखाता है कि सच्चा धर्म वही है, जिसमें दूसरों के प्रति करुणा, संबंधों के प्रति समर्पण और अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा हो।

2 नवंबर तक होंगे श्रीरामचरितमानस नवाह्न पारायण पाठ

हरि शरणम् ग्रुप की शांता शर्मा ने बताया कि नौ दिवसीय श्रीरामचरितमानस नवाह्न पारायण पाठ 25 अक्टूबर से 2 नवंबर तक प्रतिदिन सुबह 11:30 बजे से किया जा रहा है। पाठ का सीधा प्रसारण गोरबंद चैनल के यूट्यूब चैनल पर भी किया जा रहा है।